PON VIDYASHRAM GROUP OF SENIOR SEC. SCHOOLS

# CLASS – VI HINDI II – LANGUAGE NOTES FOR SEPTEMBER MONTH (2024-25)

**PORTION :**

**पाठ : 8. अनुशासन का महत्व**

**मुहावरे**

I शब्दार्थ :

1. अनुशासन – नियमबद्ध - discipline
2. नियमित - रोज़ – regular
3. सामाजिक - समाज से संबंधित - social
4. कर्तव्य - अनिवार्य कार्य - duty
5. राष्ट्र - देश - nation
6. स्वाभिमान - आत्मसम्मान - self - respect
7. ऋतु - मौसम - season
8. दुर्घटना - बुरी घटना - accident
9. लक्ष्य - उद्‌देश्य / आकांक्षा - aim
10. नियंत्रण - प्रतिबंध - control
11. व्यक्तिगत - व्यक्ति का - personal
12. राजनीतिक - राजनीति से संबंध - political
13. अधिकार - हक - right
14. साहस - हिम्मत - courage
15. परिलक्षित - दिखाई पड़ना - identified
16. यातायात - वाहनों का आना - जाना - traffic
17. आधारशिला - नींव - foundation stone
18. विमुख - मुख मोड़ना - divert

II सही विकल्प चुनिए :

उत्तर:क) अनु + आसन

उत्तर:ख) अनुशासन से

उत्तर:ग) समय का पालन

III इन वाक्यों को पूरा कीजिए :

उत्तर:क) आत्मिक अनुशासन

उत्तर:ख) अनुशासन का पालन

उत्तर:ग) विद्यार्थी जीवन

उत्तर:घ) अनुशासन के अभाव

IV पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

उत्तर:क) दिन – रात का क्रम और मोसम के अनुसार पेड़ – पौधों में फल – फूल लगना प्रकृति के अनुशासन के उदाहरण हैं ।

उत्तर:ख) छोटी – छोटी चींटियाँ पंक्ति बनाकर चलती हैं ।

उत्तर:ग) हाथी की देखभाल करने वाले को महावत कहते हैं ।

उत्तर:घ) ' दिन – रात ' विपरीतार्थक शब्द – युग्म है ।

V इन शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्दों को अलग कीजिए :

| | शब्द | | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|---|---|
| क) | अधर्म | - | अ | धर्म |
| ख) | अभिनेता | - | अभि | नेता |
| ग) | अवगुण | - | अव | गुण |
| घ) | पराजय | - | परा | जय |

VI इन शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग कीजिए :

मूल शब्द प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) आवश्यकता | - | आवश्यक | ता |
| ख) महत्वपूर्ण | - | महत्व | पूर्ण |
| ग) चित्रकार | - | चित्र | कार |
| घ) फलदार | - | फल | दार |

VII इन वाक्यों को अंग्रेज़ी में लिखिए :

उत्तर:क) We must be disciplined.

उत्तर:ख) Student life is the foundation of future life.

उत्तर:ग) Discipline is the essence of human life .

उत्तर:घ) Discipline makes a nation great .

VIII इन शब्दों से वाक्य बनाइए :

क) नियम - नियम हमारे हित के लिए बनाए जाते हैं ।

ख) अनुशासन - पशु – पक्षी भी अनुशासन का पालन करते हैं ।

ग) प्रकृति - प्रकृति सभी जीव – जंतुओं का पालन – पोषण करती है ।

घ) आधारशिला - हमारे क्षेत्र में एक नए विद्यालय की आधारशिला रखी गई ।

ङ) सार - मैं एक कहानी का सार लिख रहा हूँ ।

IX ये किस प्रकार अनुशासन का पालन करते हैं ? लिखिए :

उत्तर:क) सूर्य समय पर उदय होता है और संयम पर ही अस्त होता है ।

यह प्रतिदिन सभी को प्रकाशा देता है ।

उत्तर:ख) चालक यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाता है ।

यह लाल बत्ती पर रुकता है और बत्ती हरी होने पर ही आगे बढ़ता है।

उत्तर:ग) छात्र जल्दी जागकर समय पर विद्यालय जाता है । यह अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करता है । यह कक्षा में शांतिपूर्वक पढ़ाई करता है ।

उत्तर:घ) खिलाड़ी खेल के नियमों का पालन करता है । यह विरोधी खिलाड़ी को

शत्रु नहीं मानता और कोयल खेल - भावना से खेलता है ।

X प्रश्नों के उत्तर दीजिए: ( मौखिक - Oral )

क) समय का पालन अनुशासन का अनिवार्य अंग क्यों और कैसे हैं ?

उत्तर : *) समय का पालन अनुशासन का अनिवार्य अंग है ।

*) समय पर विद्यालय, दफ़्तर या रेलवे स्टेशन न पहुँचने पर हमें खाली हाथ वापस आना पड़ सकता है ।

*) समय निकल जाने पर कोई हमारे लिए बैठा नहीं रहता ।

ख) प्राचीन काल में कहाँ कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था ?

उत्तर : प्राचीन काल में गुरुकुलों में विद्यार्थियों के लिए कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था ।

XI प्रश्नों के उत्तर दीजिए: ( लिखित - Written )

क) अनुशासन की परिभाषा अपने शब्दों में लिखिए ।

उत्तर : *) हमारे जीवन में घर , सड़क , अस्पताल , बाज़ार आदि स्थानों का महत्व है ।

*) सभी स्थानों के अपने - अपने नियम होते हैं ।

*) उन नियमों का पालन करना ही अनुशासन है ।

ख) आत्मिक अनुशासन और बाह्य अनुशासन में क्या अंतर है ?

उत्तर: *) आत्मिक अनुशासन में व्यक्ति अपनी इच्छा से नियमों का पालन करता है।

*) बाह्य अनुशासन में इच्छा न होने पर भी व्यक्ति के लिए नियमों का पालन करना आवश्यक होता है ।

ग ) सड़क पर चलते समय आप नियमों का पालन क्यों करते हैं ?

उत्तर: सड़क पर चलते समय हमें नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए , ताकि किसी को यात्रा में असुविधा न हो और दुर्घटनाओं से बचा जा सके ।

**मुहावरे**

1.काम तमाम करना - नष्ट करना

2. नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना

3. गले का हार होना - बहुत प्रिय होना

4. ईद का चाँद - बहुत कम दिखाई देना

5. दिन गँवना - समय नष्ट करना